WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 292 मेरठ, मंगलवार 11 मई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........

**सम्पादक की कलम से**

इतने दर्द माहौल में भी अगर आप किसी से नफरत कर पा रहे है तो यकीनन आप इंसान नहीं जानवर है। ( अंकित गुप्ता)

# टिकाकरण केन्द्र पर उड़ी कोविड-19 नियमो की धज्जियां



**मेरठ दर्पण मेरठ (अंकित गुप्ता)।** देश मे कोरोना से बचाव के लिए सरकार ने 18 वर्ष से अधिक की आयु वाले नागरिकों को कोविड-19 वेक्सीन लगाने का तीसरा चरण 10 मई से रजिस्ट्रेशन के पश्चात शुरू किया। पर जहा अभी तक 45 साल से अधिक उम्र वालो को भी वेक्सीन नही लग पा रही वहां 18 की आयु वालो को सरकार कैसे वेक्सीन लगा पाएगी इसका कोई जवाब किसी के पास नही है। शास्त्री नगर स्थित आवास विकास भवन पर रजिस्ट्रेशन के बाद अपनी वेक्सिनेशन के लिये सिड्यूल लेकर पहुचे लोगो को वेक्सीन नही लगाई गई वहां वेक्सीन खत्म हो चुकी थी पर अश्वनलाइन सिड्यूल दिया गया। वही सरधना में भी काफी लोग बिना वेक्सीन लगवाए ही वापस लौटे वहां भी पहली डोज वालो के लिये वेक्सीन उपलब्ध नही थी। वही थाना टीपीनगर क्षेत्र के मुलतान नगर स्थित प्राथमिक कन्या विद्यायल में कोविड-19 से बचाव के नियमो की खुल कर धज्जिया उड़ाई गई टिकाकरण के लिये पहुचे युवाओं को ना ही कोरोना का डर दिखा ओर ना ही किसी ने सोशल डिस्टेंस का पालन किया और ना ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इनसे नियमो का पालन कराया। सभी को अपने नम्बर आने का इंतजार था जो इस समय सभी के लिये खतरनाक बन सकता है। सरकार को सभी टिकाकरण केन्द्रों पर कोविड-19 से बचाव के नियमो का पालन सख्ती से कराना चाहिये। इस तरह से सोशल डिस्टेंस का पालन ना करना एक स्थान पर इतनी भीड़ एकत्र करना किया कोरोना के बढ़ते प्रकोप को इस तरह रोक पाना मुमकिन होगा।

## कमिश्नर मेरठ की सराहनीय पहल, मरीजों से अब बात हो सकेगी वीडियो कॉलिंग के जरिए



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेडिकल में भर्ती कोविड-19 मरीजों के परिजन वीडियो कश्वल पर अब अपनों से बात कर सकेंगे।कमिश्नर मेरठ सुरेंद्र सिंह ने यह सराहनीय कार्य किया है।इस खबर से मरीज व उनके तीमारदार तथा परिजन काफी खुश दिखाई दिए। कमिश्नर सुरेंद्र सिंह द्वारा मेडिकल मेडिकल कॉलेज में मोबाइल फोन भिजवाए गए हैं।

## पत्रकार अरविंद शुक्ला का निधन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शुक्ला का कोरोना बीमारी के चलते आज निधन हो गया। इस खबर को सुनते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अरविंद दैनिक हिंदुस्तान अखबार से जुड़े थे तथा काफी हंसमुख व कर्मठ पत्रकार थे। परमपिता परमात्मा दिवंगत की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# विषम परिस्थितियों में कोरोना का प्रभावी उपचार देने में सफल रहा वेंक्टेश्वरा: डॉ सुधीर गिरि




**मेरठ दर्पण-मेरठ/अमरोहा।** वेंक्टेश्वरा समूह के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स में पिछले तीन दिनो में जनपद के अलग अलग थानोध्कोतवालियों में विभिन्न मुकदमो में सजायाफ्ता 22 कोरोना संक्रमित कैदियो ने कोरोना को मात देते हुए जिंदगी की जंग जीत ली। इसके अलावा अब तक की सबसे वृद्ध 96 वर्षीय कोरोना संक्रमित मरीज चंन्द्रकांता आर्य ने अपने 63 वर्षीय कोरोना संक्रमित पुत्र सुधीर पाल आर्य के साथ अन्य सात लोगो ने भी कोरोना को हराते हुए सहकुशल घर वापसी की। अस्पताल प्रबन्धन, मुख्य चिकित्साधि ाकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक विम्स समेत अन्य अधिकारियों ने इन सभी कोरोना विजेताओ पर पुष्प वर्षा करके एवं इनको उपहार देकर सहकुशल उनके घरो को रवाना किया। बताते चले कि पिछले वर्ष भी विम्स हॉस्पिटल ने कोरोना उपचार में सभी रिकार्ड तोडते हुए ऐतिहासिक रुप से 2500 कोरोना संक्रमितो को ठीक कर उनकी सहकुशल वापसी करायी थी। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि कोरोना की यह दूसरी लहर पहले से कही अधिक खतरनाक है लेकिन हम सब देशवासी एकजुट होकर इसको मात देने के लिए तैयार है। हमारे डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ ने दिन रात कोरोना संक्रमित मरीजो का प्रभावी उपचार एवं देखभाल कर मानव सेवा की एक शानदार मिसाल पेश की है। डॉ. इकराम इलाही ने बताया कि आज ठीक होने वाले कैदियों में संजय 22 वर्ष, बुद्धा 32 वर्ष, दानिश 28 वर्ष, समीम 45 वर्ष, हरिलाल 54 वर्ष, धर्मपाल 35 वर्षत्र, पंकज त्यागी 35 वर्ष, डालचंद 35 वर्ष, के अलावा अन्यमरीजो में मनोज कुमार 28 वर्ष, फरमान रिजवी 52 वर्ष, शोभा भटनागर 50 वर्ष जितेन्द्र गिरि 25 वर्ष, केशीपन्त 35 वर्ष, मनीषा गर्ग 40 वर्ष, योगेश कुमार 40 वर्ष, सुधीर पाल आर्य 63 वर्ष, चंद्रकांता आर्य 96 वर्ष आदि शामिल रहे। वेंक्टेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने बताया कि विम्स के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल एवं नर्सिग स्टॉफ ने दिन रात अस्पताल में भर्ती कोरोना सर्वमित मरीजो के कुशल उपचार के लिए डटी हुई है एव हम निस्वार्थ भाव से देश से कोरोना के पूरी तरह खातमे तक इसी तरह काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डॉ. हरिदत्त नेमी, डा इकराम इलाही, विम्स के वरिष्ठ सलाहाकार डॉ0 आर0एन0 सिंह, डॉ0 सुशील शर्मा, डॉ. एस0सी0 मिश्रा, डॉ. प्रांजल मिश्रा, डॉ. गोपाल यादव, डा. प्रभात श्रीवास्तव, नर्सिग सुपरीटेंडेन्ट वेदवीर सिंह, अभिषेक समेत कई चिकित्सक, मेडिकल स्टॉफ एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा उपस्थित रहे।

# आईआईएमटी समूहः कोरोना संक्रमित परिवारों को प्रतिदिन पहुंचा रहा पौष्टिक भोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आईआईएमटी समूह द्वारा कोरोना संक्रमित परिवारों के लिये की जा रही भोजन सेवा के अर्न्तगत 15 हजार से अधिक लोगों को शुद्ध, सात्विक और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा चुका है। मेरठ में आईआईएममटी विश्वविद्यालय और नोएडा में आईआईएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा कोरोना संक्रमित परिवारों को नि:शुल्क भोजन सेवा प्रदान करने का कार्य निरंतर जारी है। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमित परिवारों को अपना सहयोग प्रदान करने और कोरोना संक्रमण से मुकाबला करने के लिये आईआईएमटी समूह द्वारा लगभग एक माह से नि:शुल्क भोजन सेवा प्रदान की जा रही है। इस सेवा कार्य के अर्न्तगत अब तब 15 हजार से अधिक लोगों को नि:शुल्क भोजन प्रदान किया जा चुका है। शुद्ध,सात्विक और पौष्टिक भोजन संक्रमित व्यक्तियों को कोरोना संक्रमण से मुकाबला करने में सक्षम बना रहा है। आज देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों में रहने वाले लोग भी आईआईएमटी से संपर्क कर मेरठ,नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाले अपने परिवारजनों के लिये भोजन भेजने का आग्रह कर रहे हैं। आईआईएमटी समूह की ओर से प्रत्येक संपर्क करने वाले परिवार या व्यक्ति को नि:शुल्क भोजन प्रदान किया जा रहा है। आईआईएमटी समूह के चेयरमैन श्री योगेश मोहनजी गुप्ता की प्रेरणा और मार्गदर्शन की जा रही भोजन सेवा की लोग दिल से प्रशंसा कर रहे हैं और अपने वीडियो, व्हाट्सऐप मैसेज भेज कर आभार व्यक्त कर रहे हैं। आईआईएमटी समूह के चेयरमैन योगेश मोहन गुप्ता ने बताया कि होम आईसोलेशन में रह रहे कोरोना संक्रमित परिवार से उनके रिश्तेदार और पड़ोसी भी दूरी बना लेते हैं। कोरोना संक्रमित व्यक्तियों को पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है मगर लोगों के सहयोग न करने और कई बार अधिक बीमार हो जाने के कारण वह भोजन बनाने या बाजार से सामग्री लाने में असमर्थ हो जाते हैं। ऐसे परिवारों को सहयोग करने के उद्देश्य से आईआईएमटी समूह की ओर से नि:शुल्क भोजन सेवा प्रदान की जा रही है। पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण की पहली लहर में भी आईआईएमटी समूह की ओर से नि:शुल्क भोजन सेवा मेरठ, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के नगरीय क्षेत्र में उपलब्ध करायी गयी थी। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी कोरोना संक्रमित परिवार शुद्ध, सात्विक और पौष्टिक भोजन से वंचित न रहे। अधिक से अधिक लोगों तक भोजन सेवा का लाभ पहुंचाने के लिये इसका विस्तार किया गया है और ऐसे परिवार जो भोजन मंगाने में सक्षम हैं वह आईआईएमटी विश्वविद्यालय से भी भोजन प्राप्त कर सकते हैं। मेरठ में भोजन सेवा की व्यवस्था देख रहे डा.एके चौहान के मोबाइल नंबर 9458638065 पर भोजन की बुकिंग करा कर दोपहर 12 बजे के बाद आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के मुख्य द्वार से भोजन प्राप्त किया जा सकता है। आईआईएमटी समूह के प्रबंध निदेशक मयंक अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आईआईएमटी समूह कोरोना संक्रमित परिवार को नि:शुल्क भोजन प्रदान कर रहा है। जिन परिवारों के सभी सदस्य कोरोना से संक्रमित हैं उन्हें यह भोजन सेवा प्रदान की जा रही है। हमारा उद्देश्य है कि लोग शारीरिक रूप से सबल होकर कोरोना को पराजित करने में सक्षम बन सकें। किसी भी कोरोना संक्रमित परिवार को पौष्टिक भोजन की कमी न हो और वह जल्द से जल्द स्वस्थ हों।



भोजन सेवा प्राप्त करने वाले लोगों से मिली सराहना हमें और लोगों की सेवा करने को प्रेरित करती है। श्री मयंक अग्रवाल ने विश्वास जताया कि आपसी सहयोग की भावना से जल्द ही हमारा देश कोरोना को पराजित करने में कामयाब होगा। हमें एक-दूसरे का साथ देकर कोरोना को हराना है।



मेरठ मेडिकल कॉलेज के कोविड-19 वेक्सीन लगवाने के बाद भूषण शर्मा अपने परिवार के सदस्यों के साथ।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज जाकर मरीजो के लिये बनी व्यवस्था का लिया जायजा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के बालाजी अपर जिलाधिकारी प्रशासन मदन गर्ब्याल अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी ने मेडिकल कॉलेज जाकर मरीजो के लिये बनी व्यवस्था का जायजा लिया मरीजो को भर्ती करने में कोई लापरवाही न हो हर हाल में हर मरीज को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो मेडिकल में आने वाले हर मरीज का ब्यौरा मोबाइल नम्बर के साथ दर्ज हो मेडिकल के बाहर किसी भी हाल में तीमारदारों के अलावा बाहरी लोग एकत्र न हो हालत बेहतर हो तो मरीज की रोजाना अपने परिवार से बात कराई जाए।

## स्वत्रंतता सेनानी चौधरी इलम सिंह का निधन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** स्वत्रंतता सेनानी बीकेयू के संस्थापक सदस्य चौधरी इलम सिंह का निधन बाबा इलम सिंह 97 वर्ष के थे। कई बड़े आंदोलनों मैं बाबा की हिस्सेदारी रही, हाल ही मैं गाजीपुर बॉर्डर से होकर लोटे थे बाबा इलम सिंह।

## क्रांति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने औघडनाथ मंदिर पहुंचे सांसद





**मेरठदर्पण-मेरठ।** लॉकडाउन के चलते इस वर्ष क्रांति दिवस पर किसी प्रकार का सार्वजनिक कार्यक्रम नही हुआ। उसके बावजूद भी सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने औघडनाथ मंदिर पहुंचकर शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीदों को याद किया। इससे पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल शहीद स्मारक भी पहुंचे तथा उन्होने अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। औघडनाथ मंदिर में सांसद के साथ मंदिर समिति के अध्यक्ष डा0महेश बंसल, सतीश सिंघल, मंदिर पुजारी के साथ-साथ भाजपा नेता अमन गुप्ता व हर्ष गोयल आदि भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ सदर थाने में भी शहीद धनसिंह कोतवाल को याद किया गया तथा उनकी प्रतिमा पर थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिसकर्मियों ने माल्यार्पण किया।

# जूम एप्प के माध्यम से संयुक्त व्यापार समिति की बैठक आयोजित

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संयुक्त व्यापार समिति की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन जूम एप्प के माध्यम से किया गया। बैठक की अध्यक्षता नवीन अग्रवाल ने की व संचालन महामंत्री विपुल सिंघल द्वारा किया गया। सभा के उपरांत मंडलायुक्त को मेरठ के लगभग 300 निजी अस्पतालों में से अधिकांश को कोरोना अस्पताल बनाये जाने तथा एल एल आर एम के एस वी बी पी अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए कमिटी नियुक्त किये जाने के लिए पत्र दिया गया। मंडलायुक्त के संज्ञान में लाया गया कि कोरोना महामारी के चलते मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ द्वारा 30 अस्पताल कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए अधि त किए गए हैं। यह सभी अस्पताल लगभग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर रहे हैं । विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से तथा कोरोना संक्रमित मरीजों के परिजनो से जानकारी में आता रहता है कि अस्पताल में कोरोना मरीज का भर्ती होना अपने आप में एक बेहद मुश्किल काम होता जा रहा है। आपके अथक प्रयासों से नोडल अधिकारी भी नामित किए गए उसके बावजूद मरीज को अस्पताल में जगह मिलने में देरी हो जाती है। मेरठ में लगभग 300 निजी अस्पताल है, जिनमें से कुछ बड़े अस्पताल कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज करने में सक्षम भी हैं, तथा उनका इलाज करने के सभी उपकरण जैसे अश्वक्सीजन पाइप लाइन, आईसीयू, वेंटीलेटर तथा अन्य संसाधन उनके पास मौजूद है। ऐसे ही कुछ अस्पतालों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दफ्तर में भी अपने को कोरोना इलाज के लिए अधि त किए जाने की मांग भी की हुई है । निवेदन किया गया कि कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए अस्पतालों की संख्या 30 से बढ़ाकर कम से कम 60 अस्पतालों या इससे अधिक नियमानुसार अधि त किये जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा कोरोना मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके और मेरठ में म्रत्यु दर कुछ कम हो सके । कई बार सुनने में आता है कि मरीज अस्पताल में भर्ती होने के लिए अस्पताल के बहार, लश्वबी में अपने ही अश्वक्सीजन सिलेंडर को लेकर उपचार का इंतजार करता रहता है परन्तु उपचार न मिलने के कारण उसकी हृदय गति रुक जाती है । अश्वक्सीजन की आपूर्ति आपके द्वारा सभी अस्पतालों में सुचारू रूप से की जा रही है बावजूद उसके कुछ अस्पतालों में मरीज अपने कंसंट्रेटर के माध्यम से या आपने सिलेंडर के माध यम से भी इलाज करा सकें ऐसे अस्पताल भी कोविड-19 अधि त किए जाने की आवश्यक हैं। उम्मीद की गई कि उपरोक्त विषय पर अपना संज्ञान लेते हुए मेरठ में कोविड-19 अस्पतालों की संख्या अधिक से अधिक बढ़ा कर मेरठ की जनता को राहत प्रदान की जाएगी । आपके संज्ञान में लाया गया कि मेरठ में कोरोना से संक्रमित गंभीर मरीजों के इलाज के लिए दो स्-3 अस्पताल अधि त किए गए हैं। इनमें से एक एल.एल.आर.एम. मेडिकल कश्वलेज का एस.वी.बी.पी. अस्पताल है जो गढ़ रोड पर स्थित है। इस अस्पताल में अधिकांश मरीज स्- 2 लेवल के अस्पतालों से आते हैं तथा उनमें से ज्यादातर की स्थिति गंभीर होती है द्य गंभीर मरीजों की मृत्यु दर भी अधिक होना स्वाभाविक है इसीलिए यहाँ और अस्पतालों की अपेक्षा मृत्यु दर अधिक होती है । अभी हाल ही में मेरठ में एक वीडियो वायरल हुई तथा प्रकाशन में आया की एक मरीज श्री संतोष कुमार जी जो गाजियाबाद के रहने वाले थे का केस चर्चा में रहा । इस केस के बाद समाज में लोगों के अन्दर एक भ्रान्ति फैल रही है कि एलएलआरएम मेडिकल कश्वलेज में अव्यवस्थाएं चरम पर पहुंच चुकी है। निवेदन किया गया कि एक टीम सक्षम अधिकारी के नेतृत्व में बनाकर वहां पर उपचार करा रहे मरीजों को भर्ती रजिस्टर से नियमित मिलान कराया जाए तथा भर्ती सभी मरीजों के तीमारदारों को दिन में एक बार फोन कर उनके मरीज की हालत बताने की भी व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है । यह भी आवश्यक है कि अस्पताल की मोर्चरी में जितने भी शव हैं उनकी जांच पड़ताल करा कर उनके स्वजनों को सौंपने की व्यवस्था बनाई जाए अथवा जिस प्रकार भी नियमों के तहत उनका अंतिम संस्कार हो ऐसी व्यवस्था की जाए इसकी अपेक्षा की गई। इस बैठक में मेरठ से संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री विपुल सिंघल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, सुशील रस्तोगी, संगठन मंत्री मुकेश कुमार, नमन अग्रवाल, अरविंद चौधरी, विकास गोयल, मयंक गोयल, राजीव सिंघल, अम्बुज रस्तोगी, रजत कुमार, अपार मेहरा, शम्मी आनंद, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## कंकर खेड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष नीरज मित्तल की माता जी का निधन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संयुक्त व्यापार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कंकर खेड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष नीरज मित्तल की माता जी उमा मित्तल 66 वर्ष पत्नी सलेक चंद मित्तल निवासी कंकरखेड़ा का बीमारी के चलते आज दोपहर 3रू00 बजे कैलाशी अस्पताल कंकर खेड़ा मेरठ में देहांत हो गया। उमा मित्तल पिछले कई दिनों से बीमार थी और कैलाशी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंतिम संस्कार कंकर खेड़ा स्थित रामबाग श्मशान भूमि में किया गया। अंतिम संस्कार में विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, पार्षद राजेश खन्ना, हेतराम शाक्य, गौरव गोयल, निशांक गर्ग आदि लोग उपस्थित रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन% 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के कहर से जीवन बचाने के लिए भाकियू मैदान में

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू के प्रयास से कस्बा सिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 6 ऑक्सीजन बेड की स्थापना की गई। बेड पर पूरा खर्च भारतीय किसान यूनियन के द्वारा किया गया। इस समय करोना के कहर से ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा है। देर रात्रि में तबीयत खराब होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजन न मिल पाने के कारण अस्पतालों में बेड में होने के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है ।जिसको ष्टिगत रखते हुए भाकियू ने एक छोटा सा प्रयास कस्बा सिसौली से शुरू किया है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। ऑक्सीजन आपूर्ति की जिम्मेदारी भी भारतीय किसान यूनियन ने अपने खर्च पर किये जाने का फैसला किया है। जिला प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 ऑक्सीजन ब्रेड की व्यवस्था करनी चाहिए। सामूहिक



लड़ाई से ही कोरोना को हराया जा सकता है। गौरव टिकैत ने कहा कि कोरोना के कारण जो नुकसान हो रहा है उसकी भरपाई संभव नहीं है। भारतीय किसान यूनियन ने एक बीड़ा उठाया है जिसकी शुरुआत जनपद में सिसौली से की है। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन बेड की स्थापना संगठन के खर्च पर कराई जाएगी ।ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज के अभाव में या ऑक्सीजन के कारण किसी की मौत ना हो ऐसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। बाजार में ऑक्सीजन सिलेंडर की अनुपलब्धता वह दूसरे उपकरण ने मिलने के कारण अभी केवल यह सिसौली में ही संभव हो पाया है, जल्द ही जनपद के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी भाकियू के द्वारा आवश्यक सामान दे दिया जाएगा। भाकियू के मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र मलिक ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अलग से ऑक्सीजन का कोटा निर्धारित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी ऑक्सीजन उपलब्ध कराए ।अगर जिला प्रशासन चाहे तो भाकियू अपने निजी खर्च पर अपने वाहनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य भी करने के लिए तैयार हैं । भाकियू जनपद के सामाजिक संगठनों, उद्यमियों, व्यापारियों से भी आह्वान करती है कि इस विपत्ति में हर संभव मदद करें, क्योंकि अगर जनपद के लोग खुशहाल होंगे तो व्यापार उद्योग सब खुशहाल होंगे। जनपद के सभी शुगर मिलो से भी निवेदन है कि अपने–अपने क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 20 ,20 बेड ऑक्सीजन सहित उपलब्ध कराने के लिए आगे आये । भाकियू पत्र लिखकर भी शुगर मिलो से 100 बेड शुगर मिल के अंदर तैयार करने की अपील करेगी।

## नहर पटरी पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा नहर पुल के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत कार चालक भी घायल मृतक के शव को पुलिस ने चउ के लिये भिजवाया घायल को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गम्भीर अवस्था के चलते घयल को जिला चिकित्सालय रेफर किया म्रतक घायल विकास निवासी नगला खेपड का बताया जा रहा हैं।।

## लाकडाउन के दौरान दुकान खोलने पर पुलिस ने की कार्यवाही

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में जहां पुलिस रात दिन लॉकडाउन का पालन कराने के लिए रात दिन सड़कों पर मेहनत कर रही है वही कुछ लोग अभी भी सतर्क नहीं हो रहे हैं लोग बेवजह वाहनों पर आवाजाही कर रहे हैं तथा कुछ दुकानदार चोरी छुपे दुकान खोल रहे हैं जिसमें ग्राहक भी आ रहे हैं सुरक्षा की ष्टि से पुलिस लगातार लोगों को समझा रही है कि घर में रहे सुरक्षित रहे ऐसा ही एक मामला टाउन हश्वल के निकट स्थित दुकान का है जिसमें दुकानदार दुकान के अंदर ग्राहकों को भेज कर बाहर से गेट बंद कर लोगों को सामान दे रहा है पुलिस के संज्ञान में मामला आने पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही की गई उक्त दुकानदार को पुलिस थाने ले गई लेकिन लोगों को खुद समझना होगा और सावधानी बरतनी होगी।



गाजियाबाद के गांधीनगर स्थित साई मंदिर में लगी भयंकर आग ।

## दुनिया छोड़ कर गए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मोबाइल की फ्लैश लाइट जला कर दी श्रद्धांजली



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** जनपद मेरठ में शैंकी वर्मा की एक अपील का असर देखने को मिला लोगों से अपील की गई थी कि वह कोरोना काल में दुनिया छोड़ कर गए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए रात 8:00 बजे अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट जला कर ईश्वर से प्रार्थना करें।

इस अपील को आम आदमी की अपील का नाम दिया गया था। यह अपील जनपद मेरठ के व्यापारी एवं प्रसपा नेता शैंकी वर्मा ने आम आदमी के लिए आम आदमी से की थी। जिसमे समाजसेवी जूही त्यागी,जीतू नागपाल, संजना ठाकुर, सादिक मुल्तानी, प्रियंका चौधरी, हनी,सिमरन, वैष्णवी,गौरव वर्मा, आरिफ, आदि समेत सभी वर्ग के लोगों ने अपना समर्थन दिया शैंकी वर्मा ने कहां की पिछले साल हमने प्रधानमंत्री की अपील पर ताली और थाली बजाई। इस साल आम आदमी ने अपने देश वासियों को श्रधांजलि देने के लिए अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाई है। आम जनता के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए शैंकी वर्मा ने सबको धन्यवाद कहा। साथ ही बताया उन्हें खतौली, मुजफ्फरनगर, कोटद्वार, शामली और अन्य शहरों के लोगो ने भी सहयोग किया। साईधाम कॉलोनी के लोगो ने गायत्री मंत्र का जाप कर की प्रार्थना।

# मुजफ्फरनगर में कोरोना कर्फ्यू के बावजूद सड़कों पर बेवजह घूम रहे लोगों को सुधारने के लिए सड़कों पर उतरे एसएसपी अभिषेक यादव







**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस कप्तान अभिषेक यादव ने दिए कोविड गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जनपद मुजफ्फरनगर के पुलिस कप्तान अभिषेक यादव ने कोरोना वायरस के ष्टिगत जनपद में लगाए गए लॉकडाउन के अनुपालनार्थ जनपद के मुख्य चौराहों व स्थानों पर भ्रमण करते हुए ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता का निरीक्षण किया। तथा सभी पुलिसकर्मियों को आदेशित किया कि लॉकडाउन के समय वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से आने जाने का कारण पूछते हुए कोविड नियमों के साथ साथ लॉकडाउन का शत-प्रतिशत पालन कराया जाना सुनिश्चित करें। मुजफ्फरनगर ने सभी पुलिसकर्मियों को अनावश्यक कार्य के घूम रहे कोविड गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों तथा मास्क न लगाने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। मुजफ्फरनगर पुलिस कप्तान द्वारा पुलिस बल को कोरोना संक्रमण से स्वंय को सुरक्षित रखते हुए लगातार भ्रमणशील रहकर लोगों को घरों में रहने, मास्क लगाने तथा हाथों को नियमित अंतराल पर धोते रहने के लिए भी जागरुक करने हेतु भी निर्देशित किया गया है। सएसपी ने एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय व सीओ सिटी कुलदीप सिंह को नगर में लगातार चौकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। जिसके बाद तीनों थानों की पुलिस शिवचौक, महावीर चौक व प्रकाश चौक पर चौकिंग अभियान में जुट गई और बडी संख्या में वाहन चालकों के चालान काटे। इसके बाद एसएसपी अभिषेक यादव लश्वकडाउन का जायजा लेने जानसठ पहुंचे और उन्होंने लश्वकडाउन का जायजा लेते हुए कहा कि यदि किसी ने लश्वकडाउन का उल्लंघन किया तो ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसएसपी अभिषेक यादव ने कोरोना महामारी की चौन तोडने के लिए लोगों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि अनावश्यक घर से बाहर ना निकले बहुत जरूरी हो तभी घर बाहर निकले और सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए मास्क सैनिटाइजर का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि जनपद में लश्वकडाउन लगा हुआ है और आवश्यक वस्तुओं की बिक्री के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है समय सीमा के अलावा अगर कोई भी दुकानदार दुकान खोलकर लश्वकडाउन का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसएसपी अभिषेक यादव नें एक सवाल के जवाब में कहा कि जानसठ पुलिस को साफ तौर पर निर्देशित किया गया है कि लश्वकडाउन का पालन हर हाल में कराया जाए इसमें किसी भी तरह की हीला हवाली हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई लश्वक डाउन का उल्लंघन करता है ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । एसएसपी ने पानीपत खटीमा राजमार्ग पर स्वयं कमान संभालते हुए बेवजह घूमने वालों की जमकर क्लास लगाई और जानसठ पुलिस को निर्देशित किया । इस दौरान मुख्य रूप से एसएसपी अभिषेक यादव सीओ शकील अहमद इंस्पेक्टर डीके त्यागी एसएसआई बीरबल कस्बा चौकी इंचार्ज अवधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी को चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया द्वारा किया गया सैनिटाइज



**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्र मे मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर स्थित हिंडन पुलिस चौकी को सोमवार को हिंडन पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया द्वारा सैनिटाईज किया गया।इस दौरान पूरी चौकी व आसपास के क्षेत्र को सैनिटाइज किया गया। एसएसपी मुजफ्फरनगर अभिषेक यादव के आदेश पर सभी थानों व चौकियों को सैनिटाइजेशन अभियान चलाया जा रहा है।इसी को ष्टिगत रहते हुए चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व मे थाना चरथावल क्षेत्र मे मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर स्थित हिंडन पुलिस चौकी को सोमवार को हिंडन पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया द्वारा सैनिटाईज किया गया।इस दौरान पूरी चौकी व आसपास के क्षेत्र को सैनिटाइज किया गया। ताकि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

## कोरोना संक्रमितों के घर पहुंचे तहसीलदार व चिकित्सा प्रभारी, मरीजों का जाना हालचाल

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को तहसीलदार सदर ने चरथावल सीएचसी प्रभारी डश्वक्टर सतीश कुमार के साथ ग्राम बेगमपुर में कोरोना संक्रमित परिवारों के घर जाकर उनसे मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा होम आइसोलेशन के दौरान बरती जाने वाली सभी सावधानियों के बारे जानकारी साझा की। चरथावल विकासखण्ड के ग्राम बेगमपुर में सोमवार को तहसीलदार सदर ने चरथावल सीएचसी प्रभारी डश्वक्टर सतीश कुमार के साथ ग्राम बेगमपुर में कोरोना संक्रमित परिवारों के घर जाकर उनसे मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से अपील की कि होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के प्रति भेदभाव न करें उन सभी लोगों से प्रशासन के अधिकारी मिलकर जहां उनका होंसला बढ़ा रहे हैं। वहीं उनका हर संभव सहयोग भी कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने लगभग आधा दर्जन होम



आइसोलेट मरीजों से मिलकर कुशलक्षेम पूछकर इन लोगों का मनोबल बढने के साथ-साथ अन्य लोगों के मन से भय भी दूर किया। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वे कोरोना संक्रमित परिवारों के साथ अपने मन में किसी भी तरह का भ्रम न पालें तथा संकट के इस समय में इन परिवारों के लिए अपने परिवार के सदस्य की तरह मददगार बनें। वहीं, उन्होंने उक्त परिवारों को बताया कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सबधी समस्या आने पर फौरन स्वाथ्य विभाग या प्रशासन को सुचना दें।

## मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत खाद्य अधिकारियों की ऑनलाइन ली गई मीटिंग



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य विभाग अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए किसानो से मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद के प्रगति के सम्बन्ध में एक बैठक क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कार्यालय पर आयोजित की गयी, जिसमे खाद्य विभाग अधिकारियों को गेहूं खरीद के प्रति किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य दिलाने पर चर्चा की गई। तथा मुख्यमंत्री द्वारा वीडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक मे मौजूद किसानो प्रमोद कुमार, संजय कुमार व विजेन्द्र सिंह से वार्ता की गयी जिसमे उनके द्वारा गेहूं खरीद के समबन्ध में किसानो की समस्या व शिकायत के समंध में जानकारे चाही गयी। वार्ता में जानसठ थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर कवाली निवासी प्रगतिशील किसान प्रमोद कुमार द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वे सरकार के मूल्य समर्थन योजना से संतुष्ट है और किसानो को अपनी उपज सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नही है। मुख्यमंत्री द्वारा किसानो से उनका हालचाल भी जाना गया और कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो को मास्क लगाने बार-बार हाथ साबुन या सेनेटाइजर का प्रयोग करने की सलाह दी गयी , उनके द्वारा कोविड से नपटने के उपायों के सम्बंम्ध में भी किसानो को अवगत कराया गया।